




# मोरवन में फैक्ट्री विरोध हिंसक, शीशे टूटे, सैकड़ों महिलाएं सड़क पर उतरीं, भारी पुलिस बल तैनात

**नीमच।** जिले की जावद तहसील के मोरवन में 350 करोड़ रुपए की टेक्सटाइल फैक्ट्री के विरोध में चल रहा आंदोलन गुरुवार को हिंसक हो गया। सुबह सैकड़ों ग्रामीण महिलाएं 'फैक्ट्री हटाओ, बांध बचाओ' के नारे लगाते हुए तख्तियां लेकर सड़कों पर उतरीं। यह विरोध शुरुआत में शांतिपूर्ण था, लेकिन दोपहर तक स्थिति तनावपूर्ण हो गई।प्रदर्शनकारी महिलाएं जब फैक्ट्री निर्माण स्थल की ओर बढ़ीं, तो पुलिस और प्रशासन ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी झड़प हुई और हालात बिगड़ गए। भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने पास खड़े वाहनों में तोड़फोड़ की और कई गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए। फैक्ट्री परिसर के आसपास का इलाका नारेबाजी और हंगामे से गूंज उठा, जिससे सड़क पर अफरा-तफरी मच गई **जलस्तर प्रभावित होगा**-मोरवन और आसपास के गांवों की महिलाओं ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने किसानों की आपत्तियों को नजरअंदाज करते हुए 350 करोड़ रुपए की सुविधी रेयॉन्स प्राइवेट लिमिटेड को मंजूरी दी है। उनका कहना है कि यह फैक्ट्री जिस जमीन पर बन रही है, वह खेती और सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र है। ग्रामीणों को आशंका है कि इससे जलस्तर प्रभावित होगा और आसपास के खेतों की उर्वरता भी कम हो जाएगी।**किसान नेता हिरासत में**- घटना के बाद प्रशासन ने इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधिकारी और बल बुलाए गए हैं। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे किसान नेता राजकुमार अहीर और पूरणमल अहीर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

### छह सप्ताह से जारी विरोध

मोरवन में यह विरोध पिछले तीन सप्ताह से जारी है। अब महिलाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी से यह आंदोलन और व्यापक हो गया है। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार और जिला प्रशासन ने जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

## एक नजर में

### सुश्री पंड्या ने किया आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण



**नीमच।** महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या ने बुधवार को परियोजना जावद के 4 आंगनवाड़ी केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया । आंगनवाड़ी केंद्र महेशपुरिया में बच्चे व किशोरी बालिकाएं उपस्थित थी परंतु आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बाद में उपस्थित हुई । इस पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को स्पष्टीकरण जारी करने व कार्य में सुधार करने हेतु निर्देशित किया गया है। सहायिका का पद रिक्त होने से केंद्र संचालन में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए। आंगनवाड़ी केंद्र खोर,मोरका व सुवा खेड़ा का भी निरीक्षण किया जिसमें आंगनवाड़ी सेवाओं का संचालन संतोषप्रद पाया गया। तीनों केंद्रों पर विक्रम सीमेंट द्वारा करवाएं जा रहे सीएसआर कार्यों का अवलोकन कर आवश्यक सुझाव दिए गए। इस मौके पर सहायक संचालक श्री वैभव बैरागी,विक्रम सीमेंट से श्री अभिषेक गुहा,श्री अनूप कुमार पांडे,ब्लॉक समन्वयक जावद श्री रामप्रसाद भी उपस्थित थे।

### नगर परिषद द्वारा विशेष सफाई अभियान प्रारंभ किया




**जावद।** नगर परिषद अध्यक्ष सोहन माली, उपाध्यक्ष सूचित सोनी, एवं मुख्य नगर परिषद अधिकारी जगजीवन शर्मा के दिशा निर्देश अनुसार कल गुरुवार को स्थानीय अठाना दरवाजा से लगाकर प्रमुख मार्ग पर खुर्रा चौक होते हुए,मोमिन मोहल्ला क्षेत्र मैं दोनों और पानी के प्रेशर से सड़क एवं नालियों की सफाई की गई,सफाई का कार्य कार्य नगर परिषद के दरोगा अनिल राड़ोदिया, राजू राड़ोदिया के मार्गदर्शन में सफाई मित्र अमन परोचा,विनोद चनाल, कुलदीप परोचा, सुमित लोट,कालू भिस्ती एवं वाहन चालक अर्जुन नागोरा के द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की गई, इससे पहले बुधवार को श्वेतांबर जैन समाज के मंदिर पर धार्मिक आयोजन होने के कारण पोस्ट ऑफिस चौराहे से लक्ष्मीनाथ चौक माणक चौक,एवं कंढाल चौराहा होते प्रमुख मार्ग एवं नालियों की सफाई पानी के प्रेशर से करवाई गई थी।

### सोयाबीन भावांतर योजना का निर्धारित दस्तावेज लाकर लाभ प्राप्त करें, किसान भाई

**नीमच।** मण्डी सचिव नीमच ने आगृह किया है, कि भावांतर योजना तहत पंजीयन कर्ता किसान बंधु मंडियों में अपनी उपज सोयाबीन विक्रय के लिए लाए, तो अपने पंजीयन की छायाप्रति, आधार कार्ड एवं ऑनलाइन भुगतान के लिए बैंक पासबुक की छायाप्रति अनिवार्य रूप से लाएं। भावांतर भुगतान योजना में अब तक जिले के 952 किसानों के द्वारा सोयाबीन मात्रा 11184.11 का विक्रय किया गया है। शासन द्वारा राज्य स्तरीय औसत की उत्पादकता 10.44 क्विंटल प्रति हैक्टेयर निर्धारित की है, जो कि मध्यप्रदेश के समस्त जिलों की उत्पादकता के रुप में मान्य होगी। किसानो को योजना का लाभ समर्थन मूल्य 5328/- एवं सोयाबीन मॉडल भाव के अंतर की राशि अथवा विक्रय मूल्य प्रति क्विंटल अधिक होने की स्थिति में समर्थन मूल्य व विक्रय मूल्य के अंतर की राशि का लाभ औसत उत्पादकता के आधार पर पंजीयन कर्ता किसानों को प्राप्त होगा। कृषि उपज मंडी समिति नीमच के नवीन (अतिरिक्त) प्रांगण डुंगलावदा-चंगेरा में सेक्टर ऑफीस (गेहूँ, सोयाबीन) में कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए भावांतर योजना 2025 हेल्पडेस्क (सहायता केन्द्र) स्थापित किया गया है। हेल्पडेस्क पर मंडी कर्मचारी श्री दीपक धनावद मो.न. 9753769108, श्री नीलेश चौहान मो.न. 9074762162, श्री श्यामसिंह पंवार मो. न.9669368495, श्री जय दीवान मो.न.8349199579 से भावांतर योजना से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता हेतु संपर्क किया जा सकता है एवं किसी भी परेशानी एवं समस्या का समाधान करवाया जा सकता हैं। यह जानकारी प्रभारी मण्डी सचिव नीमच श्री समीर दास ने दी हैं।

### उपधान आराधना का 25वां दिवस : संयम जीवन की मिसाल



**पिपलियामण्डी।** उपधान तप आराधना के 25वें दिवस पर संयम जीवन की महत्ता पर विचार व्यक्त करते हुए समिति अध्यक्ष अशोक कुमठ ने कहा कि साधु-संतों के अनुशासित जीवन से ही संयम का वास्तविक अर्थ समझ आता है। उन्होंने कहा, 'उपवास आसान है, पर ई-उपवास कठिन है, क्योंकि डिजिटल दूरी आज का सबसे बड़ा तप है।' आराधना में आराधक बिना स्नान, तेल, चप्पल, मोबाइल आदि के पूर्ण संयम से साधना कर रहे हैं।



## दो दुकानदारों में विवाद, मारपीट और गर्म तेल से झुलसे दुकानदार

**नीमच।** बघाना थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी कृषि उपज मंडी गेट पर गुरुवार सुबह ग्राहकों को लेकर दो दुकानदारों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मामला हाथापाई में बदल गया। इस दौरान गरम तेल गिर जाने से दोनों पक्षों के लोग झुलस गए। घटना में कुल तीन लोग घायल हुए हैं जिन्हें जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।जानकारी के अनुसार, बघाना निवासी दीपक पिता राजेन्द्र पुरोहित (35) ने बताया कि वह अपने भाई पवन पुरोहित के साथ दुकान पर मौजूद था, तभी पास की दुकान पर बैठे अनिल जैन पिता लाभचंद जैन व उनके पुत्र अमन और नमन से ग्राहकों को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान अनिल जैन और उनके बेटों ने हमला कर दिया और गर्म तेल गिरने से दीपक झुलस गया, जबकि उसके भाई पवन को भी चोट आई। वहीं, दूसरे पक्ष अनिल जैन ने बताया कि सुबह दुकान पर दीपक और पवन पुरोहित से ग्राहकों को लेकर कहासुनी हुई, जिसके बाद दोनों भाइयों ने उनकी दुकान में घुसकर तोड़फोड़ की और मारपीट की। इस दौरान उनके सिर में चोट आई, जबकि बेटा नमन गर्म तेल से झुलस गया।

## जिले के आठ मंडलों में भाजपा की एसआईआर, स्वदेशी व आत्मनिर्भर भारत कार्यशालाएं

**मंदसौर, 6 नवम्बर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिले के आठ संगठनात्मक मंडलों में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), स्वदेशी एवं आत्मनिर्भर भारत विषयक कार्यशालाएँ आयोजित की गई। कार्यक्रमों में वरिष्ठ नेताओं ने मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं पारदर्शी बनाने पर बल दिया।**




कार्यशालाओं को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया से घुसपैठियों को रोकने और नए मतदाताओं के नाम जोड़ने का मार्ग प्रशस्त होगा। यह प्रक्रिया किसी के खिलाफ नहीं, बल्कि मतदाता सूची को शुद्ध और निष्पक्ष बनाने के उद्देश्य से की जा रही है।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि एसआईआर अभियान से लोकतांत्रिक व्यवस्था और सशक्त होगी। इस कार्य में कार्यकर्ताओं को निर्वाचन आयोग व प्रशासन के साथ समन्वय में काम करना चाहिए।

विधायक चंदरसिंह सिसौदिया ने कहा कि यह अभियान पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने का प्रयास है, जिससे केवल वास्तविक मतदाता ही सूची में बने रहें।

वहीं पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया ने कहा कि एसआईआर लोकतंत्र को और मजबूत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है, विपक्ष का विरोध निराधार है।

कार्यशालाओं में भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकेश काला, शिवराज सिंह राणा, विनय दुबेला, जीवन शर्मा, पुलकित पटवा, रानू भावसार सहित विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने कार्यकर्ताओं को आवश्यक प्रशिक्षण व मार्गदर्शन दिया।

## राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद का 67वां स्थापना दिवस मनाया

**मंदसौर। अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद शाखा मंदसौर द्वारा कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर परिषद का 67वां स्थापना दिवस राजेंद्र जयंत उपाश्रय में उत्साहपूर्वक मनाया गया।**



कार्यक्रम का शुभारंभ दादा अजीतनाथ गुरुदेव एवं आचार्यगणों के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र लोढ़ा, श्रीसंघ अध्यक्ष विजय सुराणा, राष्ट्रीय महामंत्री सुधीर लोढ़ा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रेयांश हिंगड़, और शाखा अध्यक्ष अजय फाफरिया उपस्थित रहे।

अध्यक्ष अजय फाफरिया ने बताया कि परिषद की स्थापना आचार्य श्री यतीन्द्रसूरीश्वर म.सा. ने सन् 1959 में मोहनखेड़ा तीर्थ पर की थी, जिसे पुण्य सम्राट जयंतसेन सूरीश्वर म.सा. ने विस्तार दिया। आज परिषद की 500 से अधिक शाखाएँ देश-विदेश में जीवदया, मानव सेवा एवं परोपकार कार्य में सक्रिय हैं। इस अवसर पर स्व. पूनमचंद दुग्गड की जयंती पर परिवार द्वारा स्वल्पाहार का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री कमलेश सालेचा ने किया तथा आभार जयेश डांगी ने माना।



## एशियन कूडो प्रतियोगिता में अनुज्ञा शर्मा ने ब्रॉन्ज मेडल जीता

**मंदसौर।** मंदसौर जिला जूडो कराटे एसोसिएशन की कोच श्री राजीव शर्मा की बिटिया ने एशिया कूडो सीनियर चौंपियनशिप प्रतियोगिता टोक्यो में ब्राउन मेडल प्राप्त किया एवं अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। उल्लेखनीय की राजीव शर्मा की पुत्री अनुज्ञा शर्मा ने भोपाल जॉब करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है, अनुज्ञा शर्मा ने जूडो खेल में भी कौशलता प्राप्त कर रखी है।

उल्लेखनीय की मनोहरलाल शर्मा पूर्व जिला होमगार्ड अधिकारी मंदसौर रह चुके हैं। राजीव शर्मा मार्शल आर्ट के कोच होकर मंदसौर में ट्रेनिंग प्राप्त की। आपकी बिटिया की सफलता पर सबको प्रसन्नता है। अनुज्ञा शर्मा ने टोक्यो जापान में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया इस अवसर पर प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता आल इंडिया कूडो फेडरेशन के मुख्य संरक्षक अक्षय कुमार एवं अभिनेत्री श्रीमती डिंपल कपाड़िया एवं कूडो एसोसिएशन ऑफ इंडिया के मुख्य मेहुल वोहरा भी विशेष रूप से मौजूद थे । बिटिया अनुज्ञा शर्मा की सफलता पर मंदसौर जिला जूडो कराटे एसोसिएशन के पदाधिकारीयों एवं एसोसिएशन परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**एक नजर** — जिले की सभी पंचायतों में प्रति शनिवार को सघन स्वच्छता अभियान चलाकर, सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई करवाएं : कलेक्टर

## जिले की 15 हजार महिलाओं को लखपति दीदी अभियान से जोड़ा जाएं : कलेक्टर




**नीमच।** जिले के सभी ग्राम पंचायतों में प्रति सप्ताह शनिवार को ग्राम पंचायतों के माध्यम से विशेष साफ सफाई अभियान चलाया जाए और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता के कार्य करवाए जाये। ग्राम पंचायतें सुनिश्चित करें, कि उनके क्षेत्र में कही भी स्वच्छता की कमी नजर ना आए। जनपद सीईओ इस अभियान की सतत निगरानी एवं मॉनीटरिंग सुनिश्चित करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यो की प्रगति की मासिक समीक्षा बैठक में दिए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, जनपद सीईओ नीमच, जावद, मनासा, जिला पंचायत के सभी परियोजना अधिकारी, कार्यपालन यंत्री, आर.ई.एस., सहायक यंत्री, उपयंत्री व अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने एन.आर.एल.एम.द्वारा जिले में संचालित खलपति दीदी अभियान की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में बताया गया, कि जिले में इस वर्ष अब तक लखपति दीदी अभियान के तहत 9960 महिलाओं को जोड़ा गया है। कलेक्टर ने इस वर्ष 15 हजार महिलाओं को स्वरोजगार गतिविधियों से जोड़कर लखपति दीदी अभियान में भागीदार बनाने के निर्देश दिए।बैठक में प्रधानमंत्री आवास(ग्रामीण) योजना की विस्तार से समीक्षा की गई। बताया गया, कि जिले में वर्ष 2021-22 के स्वीकृत 479 प्रधानमंत्री आवासों के निर्माण का कार्य शेष है। कलेक्टर ने उक्त आवासों के निर्माण की हितग्राहीवार, समीक्षा कर, इस माह 100 आवास कार्य पूर्ण करवाकर सीसी जारी करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) योजना के तहत एक माह में तृतीय किश्त प्राप्त कर चुके 2500 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश सभी जनपद सीईओ, उपयंत्रियों को दिए है।

### जल स्त्रोतों पर तत्काल करवाएं बोरी बंधान

बैठक में कलेक्टर सभी जनपद सीईओं और उपयंत्रियों को निर्देश दिए, कि सभी जल संरचनाओं, जिनमें जल बहाव हो रहा है, उन पर बोरी बंधान के कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से करवाएं। उन्होने कहा, कि कोई भी स्टाप डेम खुला ना रहे और जल का बहाव ना हो। सभी जल स्त्रोतों पर आवश्यकतानुसार बोरी बंधान कर जल बहाव को रोके। बैठक में कलेक्टर ने अगले वर्ष के लिए 30 नये अमृत सरोवरों के निर्माण के लिए स्थल चयनित कर 30 नवम्बर तक प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। गत वर्ष स्वीकृत सभी 22 अमृत सरोवरों का शेष कार्य भी 31 जनवरी 2025 तक पूरा करवाने के निर्देश कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को दिए। उन्होने पिछले वर्षो में म.न.रे.गा.के तहत स्वीकृत, अपूर्ण कार्यो को भी विशेष अभियान चलाकर पूर्ण करवाने और सी.सी.जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा, कि जिन स्वीकृत कार्यो पर पिछले दो वर्षो में कोई राशि व्यय नहीं की जा सकी है, उन कार्यो को यथा स्थिति में बंद करवाने की कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने भौतिक रूप से पूर्ण हो गये 1600 कार्यो के सी.सी.जारी करने के निर्देश भी दिए।